





# ग्रामोदय विद्यालय की छात्रा नंदिनी ने वाणिज्य संकाय में छठवां स्थान प्राप्त किया

## बारहवीं में अभि मिश्रा, निधि राजपूत, अंस बागरी, ऋषिता पांडे और हाईस्कूल परीक्षा में गौरी बागरी, प्राची सेन एवं आरती कुशवाहा ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन





नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 15 अप्रैल। दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा संचालित सुरेंद्रपाल ग्रामोदय विद्यालय, चित्रकूट ने एक बार फिर अपने उत्कृष्ट शैक्षिक परिणामों से क्षेत्र का मान बढ़ाया है।**

माध्यमिक शिक्षा मंडल, मध्य प्रदेश, भोपाल द्वारा घोषित हाईस्कूल एवं हायर सेकेंड्री परीक्षा परिणामों में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। कक्षा 12वीं की छात्रा नंदिनी गर्ग ने प्रदेश की प्रवीणता सूची में छठवां स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है।

विद्यालय का समग्र परीक्षा परिणाम अत्यंत श्रेष्ठ रहा। मानविकी संकाय में अभि मिश्रा, विज्ञान संकाय में निधि राजपूत, कृषि संकाय में अंस बागरी तथा वाणिज्य संकाय में नंदिनी गर्ग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ऋषिता पांडे ने भी 95त्न अंक प्राप्त किया द्य वहीं हाईस्कूल परीक्षा में गौरी बागरी ने 92 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि प्राची सेन एवं आरती कुसवाहा ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन ने छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के प्राचार्य जितेंद्र श्रीवास्तव एवं परीक्षा प्रभारी अशोक दीक्षित ने भी सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विद्यालय के प्राचार्य जितेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम प्राप्त हो इसके लिये वर्ष पर्यन्त एक व्यवस्थित शिक्षण प्रणाली को योजनाबद्ध तरीके से अपनाया जाता है। उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रबंधन, शिक्षकों की मेहनत तथा छात्रों के परिश्रम और अभिभावकों के सहयोग के प्रतिफल के रूप में ऐसा उत्साहजनक परीक्षा परिणाम प्राप्त हुआ। उल्लेखनीय है कि यह विद्यालय विगत 35 वर्षों से शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, स्वास्थ्य एवं स्वावलंबन के क्षेत्र में नानाजी देशमुख के आदर्शों को साकार करते हुए समाज में प्रेरणास्रोत बना हुआ है। विद्यालय की इस सफलता से पूरे संस्थान में हर्ष का वातावरण व्याप्त है।



# दाहिया समाज ने मनाया अंबेडकर जयंती

नवभारत न्यूज

**नागौद 15 अप्रैल। मप्र दाहिया दहायत समाज नागौद ने वरिष्ठ सामाजिक संरक्षक के 0दाहिया के ईदगाह स्थित आवास पर भारतरत्न बाबा भीमराव अम्बेडकर की जयंती कार्यक्रम रमेश दाहिमा प्रादेशिक महासचिव के मुख्य आतिथ्य एवं रावेन्द्र दाहिया अध्यक्ष युवा मोर्चा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। संचालन रामकरण दाहिया रेरूआ ने किया।।**

सबसे पहले अमित दाहिया गोलू ने बाबा साहब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित सारगर्भित आलेख का वाचन किया। रमेश दाहिमा ने अपने आख्यान में अंबेडकर जी के जीवन संघर्ष से लेकर शिक्षा संघर्ष और दलितों महिलाओं और मजदूरों के लिए किए गए कार्यों का जिक्र करते हुए बताया कि हमें क्यों उनके पदचिन्हों पर चलना चाहिए।श्री रावेन्द्र दाहिमा, सुश्री अवंतिका दाहिया, सुश्री प्रीति वर्मा ने भी अपनी प्रस्तुति दी। इस अवसर पर माया दाहिया सिया बाई वर्मा, रागिनी दाहिमा, निहारिका दाहिया,सुमित शर्मा, नगीना वर्मा,अमितांश वर्मा आदि भी उपस्थित थे।



# भजन कीर्तन के साथ संत शिरोमणि सेन महाराज की जयंती आयोजित

नवभारत न्यूज

**मैहर 15 अप्रैल । सेन समाज मैहर के जिलाध्यक्ष मुकेश सेन जी के नेतृत्व में संत शिरोमणि सेन जी महाराज जी की जयंती के अवसर पर विचार संगोष्ठी का आयोजन मैहर में किया गया सर्व प्रथम उपस्थित अतिथियों द्वारा पूजा अर्चना कर सेन जी महाराज के छाया चित्र पर माल्यार्पण उन्हें नमन किया गया,सभी अतिथि ने अपने अपने विचार व्यक्त किए,महिला मंडल द्वारा भजन कीर्तन किया गया तत्पश्चात परसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया/**

कार्यक्रम में मुख्य रूप से मैहर जिलाध्यक्ष मुकेश सेन, आर. बी.सेन, अच्छे लाल सेन, रघुनाथ प्रसाद सेन, संजय सेन, आनंद सेन, छवि लाल सेन, आदित्य सेन, साहित्य सेन,वेद,सेन,आरव सेन,वैभव सेन, उदित नारायण सेन,महिला मंडल से मन्नू देवी सेन, अंजू सेन,पूनम सेन, किरण सेन,सुमन सेन, खब्बू बाई सेन, सुभद्रा सेन,नंदनी सेन,सुनीता सेन एवं सामाजिक बंधु माता बहने उपस्थित रहे।

# अवैध मादक पदार्थ की बिक्री पर मैहर पुलिस ने दर्ज किये 8 प्रकरण

## 4 लाख 55 हजार का गांजा और 1 लाख 96 हजार कीमत की पकड़ी कफसिरप

नवभारत न्यूज

**मैहर 15 अप्रैल। नारकोटिक्स एवं अन्य नशीली दवाओं के रोकथाम की दिशा में मैहर पुलिस ने 1 जनवरी 2026 से 14 अप्रैल 2026 तक 4 लाख 55 हजार कीमत का 31 किलो 570 ग्राम गांजा और 1 लाख 96 हजार 360 मूल्य की 789 शीशियां नशीली कफ सिरप की जप्त कर 19 आरोपियों के विरूद्ध 8 प्रकरण दर्ज कर एनडीपीएस की कार्यवाही की है।**



इन प्रकरणों में गांजा के परिवहन में संलिप्त 8 लाख रूपये का एक चार पहिया वाहन तथा कोरेक्स के परिवहन में 9 लाख रूपये के दो चार पहिया वाहन भी जप्त किये गये। इस आशय की जानकारी बुधवार को कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट मैहर श्रीमती बिदिशा मुखर्जी की अध्यक्षता में संपन्न नाकार्ड की जिला स्तरीय समिति की बैठक में दी गई। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक मैहर अवधेश प्रताप सिंह, सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम एसपी मिश्रा, डॉ. आरती सिंह, दिव्या पटेल, आरटीओ संजय श्रीवास्तव, जिला शिक्षा अधिकारी गिरीष अग्निहोत्री, डीपीसी विष्णु त्रिपाठी, उप संचालक सामाजिक न्याय राजीव सिंह, प्रभारी सिविल सर्जन जेएन पाण्डेय, सभी सीईओ जनपद सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर बिदिशा मुखर्जी ने कहा कि मादक पदार्थो के उपयोग पर सभी संबंधित विभाग के अधिकारी अपने स्तर से प्रभावी कार्यवाही करें। लोगों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराकर जन जागरूकता के लगातार कार्यक्रम करें। पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि नारकोटिक्स एवं अन्य नशीली दवाओं के रोकथाम के लिए पुलिस द्वारा प्रभावाी कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने समिति में शामिल अधिकारियों से कहा कि मैदानी स्तर के कर्मचारियों को साथ लेकर सूचना तंत्र विकसित करें ताकि सूचनाओं के इनपुट के आधार पर कार्यवाही तत्काल हो सके। शिक्षा, उच्च शिक्षा और सामाजिक न्याय विभाग सभी शैक्षणिक संस्थानों में जागरूकता के कार्यक्रम नियमित रूप से करें। स्कूलों, कालेज सहित अन्य विभागों के सार्वजनिक कार्यक्रमों में नशा मुक्त भारत बनाने की शपथ जरूर ली जाये। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग और औषधि निरीक्षक को मेडीकल स्टोर एवं अन्य दुकानों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिये और कहा कि नींद और दर्द निवारक दवाओं का स्टाक विक्रय इन्ट्री जरूर चेक करें।

उन्होंने कहा कि जमीन राजस्व विभाग की हो या वन विभाग की दोनों फसल सीजन में वेरीफिकेशन कराये और उसका प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराये। उन्होंने उप संचालक सामाजिक न्याय मैहर में नशा मुक्ति से संबंधित एक बडा कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिये।

# जन अभियान परिषद ने मनाया डा . भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती




नवभारत न्यूज

**नागौद 15 अप्रैल। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के निर्देशानुसार नागौद विकासखंड में भारतरत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अंतर्गत व्याख्यानमाला का आयोजन जनपद सभागार नागौद में किया गया।**

मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष कल्पना उमेश प्रताप सिंह, अध्यक्षता उचेहरा ग्राम पंचायत सरपंच संघ के अध्यक्ष शिब्बू सिंह परिहार, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक अरुण प्रताप सिंह, विशिष्ट अतिथि के रूप में रिटायर शिक्षक मोहन लाल वर्मा भाजपा परसमनिया मंडल प्रभारी ध्रुव राज सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा बाबा साहब के तस्वीर पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया गया अरुण प्रताप सिंह द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया ।

मुख्य अतिथि कल्पना उमेश प्रताप सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि बाबा साहब एक दूरदर्शी, सचेतक, चिंतक और राष्ट्र के प्रति समर्पित थे उन्होंने महिलाओं एवं वंचित वर्गों के अधिकार के प्रति हमेशा संघर्ष किया है, विशिष्ट अतिथि मोहनलाल वर्मा ने बाबा साहब के बारे में कहा कि वे हमेशा कहते थे कि शिक्षित बनो संगठित हो और संघर्ष करो, कार्यक्रम में उपस्थित ध्रुव राज सिंह ने कहा कि महापुरुष किसी जाति धर्म के नहीं होते राष्ट्र के होते हैं हम सबको संविधान को पढ़ना चाहिए, सरपंच संघ के अध्यक्ष शिब्बू सिंह परिहार ने कहा कि बाबा साहब का जीवन हमें सिखाता है कि परिस्थितियां चाहे कितनी भी कठिन क्यों ना हो इच्छा शक्ति और ज्ञान के बल पर दुनिया को बदला जा सकता है। संचालन परामर्शदाता सरोज गुर्जर एवं आभार समीक्षा सिंह ने किया, कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रयास बाल कल्याण समिति के संस्थापक जितेंद्र सिंह, जय गुरुदेव सोशल वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन से सचिव संजय कुमार एवं अरुण कुमार सेन, टी एस पब्लिक स्कूल की प्राचार्य सीमा सिंह, बेलगहना उत्थान समिति के अध्यक्ष धीरज सिंह, गाड़ा पार जनकल्याण समिति की अध्यक्ष कमला कपाड़िया, कैलाश देवी शिक्षा समिति के अध्यक्ष महादेव सोनी, परामर्शदाता विवेक सिंह, विनोद शुक्ला, रामबालक दहिया, शिवशरण विश्वकर्मा, गिरधारी लाल कुशवाहा, सुरेंद्र सिंह कुशवाहा, लक्ष्मी कोरी, लक्ष्मी कुशवाहा, राधा कुशवाहा, पुष्पा प्रजापति, अभिलाषा विश्वकर्मा, अनूप त्रिपाठी, दिवाकर प्रजापति, अनुज अवधिया प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष सचिव उपस्थित रहे।



# जिला एथलेटिक्स में रहा सरस्वती विद्यालय रामपुर का दबदबा

नवभारत न्यूज

**रामपुर बाघेलान 15 अप्रैल। विद्या भारती जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता के एथलेटिक्स प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर रामपुर बाघेलान के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय के साथ रामपुर बाघेलान को भी गौरवान्वित किया है ।**

विभिन्न एथलेटिक्स प्रतियोगिता में स्थान अर्जित करने वाले भैया बहनों की में जयप्रकाश साहू 6 किलोमीटर क्रॉस कंट्री दौड़ तरुण वर्ग में प्रथम ब्राजील केवट 400 व 600 मीटर दौड़ बाल वर्ग में प्रथम दीपा सिंह ऊंची कूद व 400 मीटर हर्डल दौड़ में किशोर वर्ग में प्रथम ब्राजील केवट 400 मीटर दौड़ बाल वर्ग में प्रथम सौम्या तिवारी 400 मीटर बाल वर्ग में प्रथम दीपिका सिंह डिस्कस थ्रो में प्रथम व हैमर थ्रो में द्वितीय प्रिया सिंह जेवलिन थ्रो किशोर वर्ग में प्रथम प्रिया सिंह जेवलिन थ्रो में प्रथम व गोला फेंक किशोर वर्ग में द्वितीय एवं जयप्रकाश साहू ने ही तरुण वर्ग की 200 मीटर दौड़ में द्वितीय और 1500 मीटर दौड़ में तृतीय अनुज सिंह तरुण वर्ग 100 मीटर में द्वितीय अंशिका मिश्रा 100 मीटर हर्डल में द्वितीय वंश सिंह 100 मीटर और 200 मीटर दौड़ किशोर में द्वितीय अंश सेन ने बलवर्ग में 100और 200 मीटर में द्वितीय स्थान अर्जित किया । इन बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए 2017 बैच के पूर्व छात्र रवि सिंह परिहार के द्वारा 12 सेट स्पोर्ट ड्रेस कोड का सहयोग प्राप्त हुआ है रवि इस समय भारतीय सेना में लांस नायक के पद पर रहते हुए देश सेवा कर रहे हैं । ये सभी प्रतिभागी इस जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में खेल प्रभारी आचार्य विनोद मिश्रा एवं पवित्रम शुक्ला दीदी के मार्गदर्शन में सम्मिलित हुए । सभी विजेताओं को विद्यालय प्रबंध समिति आचार्य परिवार एवं पूर्व छात्र परिषद ने बधाई देते हुए आगे की संभागीय प्रतियोगिता हेतु अग्रिम शुभकामनाएं ।

# रंजना पब्लिक हा से स्कूल के छात्र रोहित ने 91 प्रतिशत अंक लाकर किया गौरवान्वित

नवभारत न्यूज

**कोठी 15 अप्रैल। स्थानीय वार्ड क्रमांक 2 के निवासी राकेश कचेर के पुत्र रोहित कचेर रंजना पब्लिक हायर सेकेंडरी इंग्लिश मीडियम स्कूल कोठी के 10वीं के छात्र ने दसवीं में 91त्न अंक लाकर स्कूल को गौरवांवित किया है ।**



उनके इस प्रदर्शन पर विद्यालय परिवार एवं सभी क्षेत्र वासियों तथा घर परिवार के लोगों सहित उनके चाहने वालों ने खुशी व्यक्त करते हुए रोहित के उज्जवल भविष्य की कामना की है। रोहित ने 500 में 455 अंक लाकर सभी को खुशी होने का मौका प्रदान किया है उसने अपने इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता सहित मुख्य रूप से विद्यालय की प्रिंसिपल श्रीमती रंजना सिंह सहित सभी शिक्षकों को विशेष रूप दिया है और कहा है कि मेरी लगन और विद्यालय परिवार की निष्ठा की बदौलत यह परिणाम आया है रामचरण शर्मा भोले दुबे अरुण शर्मा बृजेश गर्ग सोनू उमेश सिंह पप्पू सहेंद्र सिंह कृष्ण भान सिंह मनिंदर सिंह जीतू विजय राज सिंह सहित अन्य लोगों ने अत्यंत खुशी व्यक्त करते हुए रोहित के उज्जवल भविष्य की कामना की है और विद्यालय परिवार को बधाइयां प्रेषित की है।

# अंजलि तिवारी ने प्रदेश में 7वां स्थान प्राप्त किया

**कोटर।** रजरवार शासकीय हाई स्कूल रजरवार 10 वीं की छात्रा अंजलि तिवारी ने 98.6 पर्सेंट के साथ प्रदेश की मेरिट में सातवां स्थान प्राप्त कर रजरवार सहित जिले , स्कूल और परिवार का नाम रोशन किया है।



## एक नजर में




### सृजन नागौद ने अम्बेडकर जयन्ती पर काव्य गोष्ठी आयोजित किया

**नागौद ।** साहित्यिक संस्था सृजन नागौद द्वारा अम्बेडकर जयन्ती के उपलक्ष में परिचर्चा एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन श्री के दहिया जी के निवास पर सायं 5 बजे से किया गया। यह गोष्ठी डा0 उमाकान्त जी गर्ग के मुख्यातिथ्य में एवं राजेन्द्र सिंह परमार जी की अध्यक्षता में संम्पन्न हुई। इस गोष्ठी का संचालन संस्था के संयोजक अजीत सिंह कुँवर ने किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के पूजन अर्चन एवं बाबा साहब अम्बेडकर के छाया चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। तत्पश्चात श्रीमती सरोज सिंह सूरज ने वाणी वन्दना प्रस्तुत की। गोष्ठी के प्रथम सत्र में बाबा साहब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर केन्द्रित परिचर्चा आयोजित की गई, जिसमें सर्व प्रथम के दाहिया जी द्वारा लिखित आलेख का वाचन अमित दहिया द्वारा किया गया। इस परिचर्चा में उपस्थित रचनाकारों के अतिरिक्त सृजन के वरिष्ठ सदस्य राकेश सोनी, कृष्णकान्त गर्ग एवं डॉ . उमाकान्त गर्ग ने अपने विचार व्यक्त किए। द्वितीय सत्र में सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें प्रमोद अहिरवार, के पी सिंह , कालिका प्रसाद त्रिपाठी, सरोज सिंह सूरज, बालेन्दु मिश्र, अजीत सिंह कुँवर एवं राजेन्द्र सिंह परमार ने अपने मन पसंद गीत एवं गजल प्रस्तुत किया। रामकरण दहिया ने उपस्थित सभी सदस्यों के प्रति आभार प्रदर्शित किया। इस अवसर पर सुदामा सिंह, माया दाहिया, निहारिका दाहिया एवं रागनी दाहिया की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



### स्वेक्षा ने परिवार, स्कूल और गांव का नाम रोशन किया

**सतना।** जनपद सदस्य रामपुर बाघेलान नंदकिशोर सिंह पटेल ( नंदू भैया) की भांजी स्वेक्षा पटेल ने एम पी बोर्ड कक्षा 10वीं परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 500 में से 470 अंक ( 94त्न) प्राप्त कर अपने स्कूल, गांव एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। स्वेक्षा पटेल, शिशु शिक्षा सदन हायर सेकंडरी स्कूल, अमरपाटन की छात्रा हैं तथा पिता राम लखन पटेल एवं माता रेखा पटेल की सुपुत्री हैं। उनकी इस सफलता पर परिवार सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इस उपलब्धि का श्रेय उनकी कड़ी मेहनत, लगन और निरंतर प्रयास को दिया जा रहा है। इस अवसर पर जनपद सदस्य नंदकिशोर सिंह पटेल ( नंदू भैया) एवं मधु सिंह, जिला उपाध्यक्ष, मध्य प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज, सतना ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। परिवारजनों एवं शुभचिंतकों ने स्वेक्षा पटेल को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### कीर्ति सिंह ने परिवार का नाम रोशन किया



**कोटर।** क्षेत्र के आदर्श ग्राम पंचायत अबेर की छात्रा कीर्ती सिंह पिता कमलेंद्र सिंह की बेटी ने 10 वीं में 92त्न अंक प्राप्त कर परिवार का नाम रोशन किया है।

### पवन राज ने स्कूल का नाम रोशन किया



**कोटर.** क्षेत्र के लक्ष्मी पब्लिक स्कूल गोराइया 10 वीं के छात्र पवनराज पाल ने 97 .6 अंक प्राप्त कर स्कूल के साथ ही परिवार का नाम रोशन किया है उनके पिता स्वयं का स्कूल खोल कर बच्चों को शिक्षा देने का काम करते।

# नगर पंचायत अमरपाटन के द्वारा वर्ष 1998 शिक्षा कर्मी वर्ग 3 की नियुक्ति हाई कोर्ट ने किया निरस्त

नवभारत न्यूज

**अमरपाटन 15 अप्रैल। नगर पंचायत अमरपाटन के द्वारा वर्ष 1998 की शिक्षाकर्मी वर्ग 3 की नियुक्ति को हाईकोर्ट जबलपुर द्वारा अवैध एवं अवैधानिक पाते हुए दिनांक 25/02/26 को निरस्त कर दी गई है नगर पंचायत अमरपाटन ने वर्ष 1998 में शिक्षाकर्मी वर्ग 3 की भर्ती की जिसमें श्रीलाल गौतम श्रीमती मंजुला चतुर्वेदी हसरूद्दीन ,शिवभान साकेत एवं ओमप्रकाश नामदेव की भर्ती हुई थी ।**

उसे नियुक्ति को कलेक्टर सतना के न्यायालय में मध्य प्रदेश नगर पालिका एक्ट के सेक्शन 12 के तहत पिटीशन दायर हुई थी। जिसमें तत्कालीन कलेक्टर श्री माननीय टी धर्माराव द्वारा नगर पंचायत अमरपाटन में नियुक्ति किए गए शिक्षा कर्मियों के भर्ती एवं रिकॉर्ड को देखकर अवैध पाए हुए दिनांक 28/02/2001को समस्त नियुक्ति निरस्त कर दी गई थी जिसके विरोध में हटाए गए शिक्षा कर्मियों ने कमिश्नर रीवा के यहां रिवीजन फाइल किया जिसमें कमिश्नर रीवा द्वारा कलेक्टर सतना के आदेश को दिनांक 23/11/2002 को निरस्त कर भर्ती को सही ठहराया गया कमिश्नर रीवा के आदेश को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर में चैलेंज किया गया जिसमें उक्त भर्ती के विरोध में दो पिटीशन दायर की गई जिसमें सुमन गुप्ता बनाम मध्य प्रदेश शासन 2श्च/3913/03 एवं भैया लाल शर्मा बनाम मध्य प्रदेश शासन 2श्च/1753/07 पेश किया गया और उक्त भर्ती को आवैधानिक एवं नियम विरुद्ध भर्ती मानकर माननीय उच्च न्यायालय में रिट अपील दायर कर न्याय दिलाया जाने की मांग की गई मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने दोनों पिटीशन को एक साथ संलग्न कर सुनवाई की गई पिटीशनर की तरफ से विद्वान अधिवक्ता पी . एस. गहरवार एवं विपक्ष की तरफ से विवेक बड़ेरिया तथा शासन की तरफ से जुबिन प्रसाद ने अपना पक्ष रखा सारे विद्वान अधिवक्ता की दलील सुनने के बाद माननीय विद्वान न्यायाधीश श्री एम.एस भट्टी ने अपने आदेश दिनांक 25/02/26 में लिखा कि सभी दलीलों और रिकॉर्ड देखने से पता चलता है कि सरकारी वाकील को 9/12/25 के इंटरलॉक लोक्यूटरी ऑर्डर के मुताबिक रिकॉर्ड पेश करने का निर्देश दिया गया था इसके मुताबिक श्री जुबिन प्रसाद ने एक मेरिट लिस्ट पेश की है जिसमें रेट लिस्ट के दाएं ओर आठ कलम बनाए गए हैं हर कैंडिडेट को उनके नंबर दिए गए हैं हालांकि यह साफ नहीं है कि यह 6 कालम किस हेड के तहत बनाए गए हैं मेरिट लिस्ट में यह साफ नहीं है कि 6 कालम में यह मार्क्स कैंडिडेट्स को किस हेड के तहत दिए गए हैं इनमें मार्क्स देने का आधार क्या था?

यह भी साफ नहीं है सिर्फ ऊपर बताई गई स्थिति को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर सतना ने यह आर्डर पास किया है कि कमिश्नर को यह आर्डर पास करते समय कलेक्टर के उन ऑर्डर में दखल नहीं देना चाहिए था इसलिए कमिश्नर का आर्डर टिकने लायक नहीं होने के कारण रद्द किया जाता है कलेक्टर का 28/02/2001 का पास ऑर्डर बरकरार रखा जाता है और मुख्य नगर पंचायत अमरपाटन के सीएमओ के निर्देश दिया जाता है कि वह उसे ऑर्डर की सर्टिफाइड कॉपी पेस करने की तारीख से 30 दिवस के अंदर कलेक्टर सतना के आदेश का पालन करें। पिटीशनरों ने सीएमओ को सर्टिफाइड कॉपी दिनांक 05/03/26 को देकर पावती ले ली गई एवं मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर के डबल बेंच में कैबियट दायर कर दिया गया सीएमओ द्वारा एक माह का समय पूरा होने पर जब कोई कार्रवाई नहीं की गई तो हाई कोर्ट में सीएमओ को पार्टी बनाते हुए हाईकोर्ट के आदेश का पालन न करने के विरुद्ध कोर्ट की और अवमानना दायर कर दी गई है जिसका नंबर है ष्टह्लह्र /02481/26 एवं ष्टश्वह्र/02485/26 को 07/04/26 पेश हो चुकी है उक्त सी ओ एन सी की सुनवाई माननीय विद्वान न्यायाधीश श्री विशाल मिश्रा की बेंच में अगले सोमवार को नियत की गई है सीएमओ मैडम दुकान के मैटर में माननीय विद्वान न्यायाधीश श्री विशाल मिश्रा के सी ओ एन सी का प्रकरण में पहुंच चुकी है अब आगे देखना है कि माननीय न्यायालय का क्या रुख होगा हाई कोर्ट की कॉपी श्रीमान प्रमुख सचिव भोपाल डीपीआई भोपाल कलेक्टर मैहर डी. ई.ओ सतना कमिश्नर रीवा सीईओ सतना को सूचना दिनांक 12/03/26 को डाक द्वारा भेजा जा चुका है।